रजिस्ट्री सं0 डी0 एल0—33004/99 REGD.No.D.L.-333004/99

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINAY
भाग—खण्ड 3—उप —खण्ड
प्राधिकार से प्रकाषित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं0. 4 नई दिल्ली, बृहस्पतिवार,जनवरी 4, 2007/पौष 14, 1928
No.4 NEW DELHI, THURSDAY, JANUARY 4, 2007/PAUSA 14, 1928

रेल मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जनवरी, 2007

सा.का.नि.4 (अ).— केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) की धारा 198 के साथ पठित धारा 4 का द्वारा प्रदत षाक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थातः—

अध्याय 1

प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभः—

1. इस नियमों का संक्षिप्त नाम रेल भूमि विकास प्राधिकरण (गठन) नियम, 2007
2. ये नियम राजपत्र में इनके प्रकाषन की तारीख को प्रवृत होंगे।

2. परिभाषाएंः— इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न होः—

(क) “अधिनियम” से रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) अभिप्रेत हैं,

(ख) “वार्षिक योजना” से किसी वित वर्ष में प्राधिकरण द्वारा निष्पादित किए जाने वाले प्रस्तावित वित परिव्यय सहित कोई कार्य योजना अभिप्रेत हैं,

(ग) “वार्षिक रिर्पोट” से पिछले वित वर्ष के दौरान प्राधिकरण के क्रियाकलापों की रिर्पोट अभिप्रेत हैं,

(घ) ''लेखा–परीक्षा रिपोर्ट'' से प्राधिकरण से संबंधित पिछले वित वर्ष के लिए लेखों और उनके लेखो परीक्षा की रिर्पोट अभिप्रेत है;

(ड.) “प्राधिकरण” से अधिनियम की धारा 4 क के अंतर्गत स्थापित रेल भूमि विकास प्राधिकरण अभिप्रेत हैं;

(च) “बोर्ड ” से प्राधिकरण का कार्यपालक बोर्ड अभिप्रेत हैं;

(छ) “केन्द्रीय सरकार” से रेल मंत्रालय अभिप्रेत हैं;

(ज) “कर्मचारियों का वर्गीकरण” से रेल भूमि विकास प्राधिकरण (गठन) नियम, 2007 के नियम 12 के उप–नियम (1) में विनिर्दिष्ट स्तरों के अनुसार स्तर I से III तक का 1, स्तर IV से VII तक क 2, स्तर VIII के लिए क 3, स्तर IX के समूह ख, स्तर X क से छ तक के लिए समूह ग और स्तर XI क और ख के लिए समूह घ के रूप में समूह वाले प्राधिकरण के सभी स्तर अभीप्रेत हैं;

(झ) “कोर सेल” से प्राधिकरण की स्थापना के लिए सरलीकरणप और ट्रैवॉक्स तैयारी के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा गठित सैल अभिप्रेत हैं;

(ञ) “वित वर्ष” प्रत्येक वर्ष अप्रैल की पहली तारीख से षुरू होने वाला और आगामी वर्ष के मार्च की इकतीस तारीख को समाप्त को समाप्त होने वाला केंन्द्रीय सरकार का वित वर्ष अभिप्रेत हैं;

(ट) “पंचवर्षीय योजना” से अधिनियम की धारा 4 घ के उप–खंड (2) के अंतर्गत प्राधिकरण के कार्यो का निर्वहन करने के लिए आमदनी और व्यय के अनुमानों सहित वास्तविक निवेष, जनषक्ति की आवष्यकता, समय अनुसूची और अन्य संगत निवेष वाली कार्य योजना अभिप्रेत हैं;

(ठ) ''पंचवर्षीय परिपेक्ष योजना'' से 4 घ के उप–खंड (2) के अंतर्गत प्राधिकरण के कार्यो के अनुसार पंचवर्षीय योजना से अगले पांच वर्षो के लिए कोई योजना अभिप्रेत हैं,

(ड) ''निधि'' से रेल भूमि विकास प्राधिकरण निधि अभिप्रेत हैं;

(ढ) ''त्वरित निपटान क्रियाविधि'' से बोर्ड ज्ञापन के माध्यम से रेलवे बोर्ड का निर्णय अभिप्रेत है जो उपयुक्त निदेषालय द्वारा यथा नियत परन्तु प्राधिकरण की करोबार आवष्यकताओं के अनुकूल निष्चित समय सीमा के भीतर उचित संवीक्षा के अध्यधीन हैं,

(ण) ''सदस्य'' से अधिनियम के धारा 4 ख (1) के अधीन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या कोई चार सदस्य अभिप्रेत हैं;

(त) ''पहला प्राधिकरण'' से बोर्ड के ऐसे अन्य सदस्यों सहित उपाध्यक्ष, जो प्राधिकरण के गठन के समय केन्द्रीय सरकार द्वारा नामित किए जाए, अभिप्रेत हैं,

(थ) ''रेल प्रषासन'' से क्षेत्रीय रेल के महाप्रबंधक अभिप्रेत हैं,

अध्याय 2

पहला प्राधिकरण

2. केन्द्रीय सरकार द्वारा नाम निर्देषित पहला प्राधिकरणः—

पहला प्राधिकरण केन्द्रीय सरकार द्वारा नाम निर्देष होगा और इसे नाम निर्देषन द्वारा जो नियुक्त होंगे वे तब तक पद पर रहेंगे जब तक कि चयन द्वारा नियमित पदधारी कार्यभार ग्रहण न कर लें। प्रांरभ मे जब तक प्राधिकरण का औपचारिक रूप में गठन न हो जाए तब तक उपाध्यक्ष और अन्य सदस्यों के पद के लिए तत्वों को, क्रमषः उच्चतर प्रषासनिक ग्रेड और वरिष्ठ प्रषासनिक ग्रेड में, निर्धारित कर्म पदो के रूप में सृजित किया जा सकता है जो प्राधिकरण के आवर्ती व्यय को पूरा करने के लिए उपलब्ध कराई गई निधियों को प्रभार्य होंगे।

अध्याय 3
प्राधिकरण का अवस्थान और कृत्य

3. प्राधिकरण का अवस्थान (1) प्राधिकरण का प्रधान कार्यालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में होगा और प्राधिकरण भारत में अन्य स्थानों पर भी कार्यालय या अभिकरणों की स्थापना कर सकेगा।

(2) प्राधिकरण का एक कानूनी निकाय के रूप में षाष्वत उत्तराधिकार होगा और एक सामान्य मुहर होगी तथा उसके नाम से वाद चलाया जा सकता हैं।

4. प्राधिकरण को भूमि सौंपा जाना और उसके कृत्यः—
केन्द्रीय सरकार, प्राधिकरण की स्थापना के पष्चात् षीघ्रतम अधिनियम की धारा 4 घ की उप धारा (2) के निबंधनों के अनुसार रेल भूमि और आकाषी क्षेत्र के विकास के लिए ऐसे
स्थलों को लिखित रूप में प्राधिकरण को सौंपेगी जिन्हें केन्द्रीय सरकार उचित समझे और प्राधिकरण की प्रस्तावित कार्यकरण निम्नलिखित होगीः—

(क) वाणिज्यिक उपयोग के लिए संभाव्य स्थलों की पहचान या तो केन्द्रीय सरकार द्वारा या प्राधिकरण द्वारा केन्द्रीय सरकार के परामर्ष से की जाएगी। यदि पहचान की गई

भूमि पारिचालनिक प्रयोंजनों या भावी विस्तार के लिए आवष्यक न हो तो स्थल को वाणिज्यिक उपयोग के लिए प्राधिकरण को सौंप दिया जाएगा ।

(ख) प्राधिकरण संभाव्यता आकलन के लिए आवष्यक बाजार सर्वेक्षण करेगा और राजस्व वापसी के दृष्टि से वाणिज्यिक विकास के सर्वोत्तम रीति से तैयार करने के लिए कार्य करेगा और तदनुसार बोली प्राक्रिया के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। प्रस्तावों को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का निर्णय प्राधिकरण द्वारा स्वयं उपयुक्त स्तर पर लिया जाएगा।

(ग) विकासकर्ता का निष्चय पारदर्षी खुली, निष्पक्ष, और स्पर्द्धात्मक बोली प्रक्रिया के माध्यम से हो सकेगा और वसूल आगम केन्द्रीय सरकार को भेजी जाएगी।

(घ) धारा 4 घ की उपधारा (2) के खंड (ii) के अधीन प्राधिकरण को सौपें गए स्थल के वाणिज्यिक विकास जिसमें रेलवें स्टेषन भवन और/या यार्डो का निर्माण या पुनर्विकास या उपातरण अतंर्वलित हो, ऐसे विकास के लिए विस्तृत योजना एक समिति द्वारा अनुमोदित करवाया जाएगा जिसमें प्राधिकरण और रेल प्रषासन से एक–एक नोडल अधिकारी षामिल होंगे और केन्द्रीय सरकार ऐसे प्रयोजन के लिए रेल प्रषासनों को एक नोडल अधिकारी नाम निर्दिष्ट करने को कहेगी।

(ड.) अधिनियम की धारा 4 घ की उपधारा (2) के खंड (i) के अंतर्गत योजना तैयार करने के लिए या अधिनियम की धारा 4घ की उपधारा (2) के खंड (ii) के तहत वाणिज्यिक विकास के लिए सौंपे गए किसी स्थल के बारे में केन्द्रीय सरकार से इसके निर्णय पुनर्विलोकन करवा सकेगा और इस संबंध में केन्द्रीय सरकार का निर्णय अंतिम होगा।

(च) प्राधिकरण किसी स्थल पर रेल भूमि या आकाषीय क्षेत्र का वाणिज्यिक विकास तब तक नही करेगा जब तक उसे अधिनियम की धारा 4घ की उपधारा (2) के खंड (ii) के तहत केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट रूप से न सौंपा गया हो।

(छ) प्राधिकरण, केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 4 घ उपधारा (2) के खंड (i) के तहत उसे सौंपी गयी रेल भूमि के उपयोग के लिए स्कीम या स्कीमें तैयार करेगा।

(ज) प्राधिकरण अधिनियम की धारा 4 घ की उपधारा (2) के खंड (iv) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा लिखित आदेष से उसे यथा उसे सौंपे गए किसी अन्य कार्य या कृत्यों की निष्पादन करेगा।

5. **प्राधिकरण की योजनाः–** प्राधिकरण की धारा 4 घ की उपधारा (2) के खंड (i) और खंड (ii) के अधीन निष्पादन के लिए जाने वाले प्रस्तावित वाणिज्यिक विकास परियोजनाओं के लिए पंचवर्षीय योजना तैयार कर सकेगा। प्राधिकरण की धारा 4घ की उप धारा (2) के खंड (iii) के अधीन परामर्ष, निर्माण या प्रबंधन सेवाओं और भूमि तथा संपति के विकास से सबंधित उसके द्वारा निष्पादित किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यान्वयन के लिए पंचवर्षीय योजना भी तैयार करनी चाहिए।

7. **बोर्ड की षक्तियां:–** इस अधिनियम के अधीन प्राधिकरण को समुनुदेषित कृत्यों के निर्वहन के संबंध में पूरी वितीय और प्रषासनिक षक्तियां होंगी। चूंकि रेल भूमि विकास प्राधिकरण एक ऐसा प्राधिकरण है जिसे प्रतिस्पर्द्धात्मक व्यावसायिक वातावरण में वाणिज्यिक दिषा में कार्य करना होता है और उसके द्वारा रेल संपति के उपयोग से प्राप्त राजस्व केन्द्रीय सरकार के अन्य विविध राजस्वों के एक हिस्से का निर्माण करेगा, अतः उनकी कार्यप्रणाली को ऐसे नियमों में बॅधना वॉछनीय नहीं होगा जो कि भारतीय रेलवें के समान ही हैं। तथापि, प्राधिकरण सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों पर लागू होने वाले नियमों समग्र ढॉचे के भीतर ही अपने नियमों/विनियमों को बनाएगा।

अध्याय 4
प्राधिकरण बोर्ड

8. प्राधिकरण प्रबंधन:– (1) कार्यकारी बोर्ड द्वारा प्राधिकरण के मामलों और कारबार का साधारण पर्यवेक्षण, निदेषन और प्रबंधन किया जाएगा जो कि ऐसे सभी षक्तियों का प्रयोग करेगा और कृतियों का निवर्हन करेगा तथा जिनके संबंध में अधिनियम के उपबंधों के अधीन प्राधिकरण द्वारा प्रयोग किया जा सकता है या कार्यवाई की जा सकती है।

(2) कार्यकारी बोर्ड में एक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और चार अन्य सदस्य षामिल होंगे जिनकी नियुक्ति अधिनियम के अधीन की जाएगी। ये चार सदस्य–सदस्य (योजना, अवसंरचना और विकास), सदस्य (योजना रेल यातायात समन्वय), सदस्य वित और सदस्य (संपदा तथा षहरी योजना) होंगे।

(3) बोर्ड का कारवार अधिनियम की धारा 4च के उपबंधों के अधीन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।

(4) बोर्ड अपनी बैठक में अन्य मामलों के अलावा केन्द्रीय सरकार द्वारा उसे सौंपी गई रेल भूमि के उपयोग और व्यवसायिक विकास के लिए स्थलों के लिए स्कीम या स्कीमों जो लागू हो, अनुमोदन, इन्हें अपनाने तथा इनके निष्पादन से जुड़े मामलों पर विचार करेगा तथा प्राधिकरण, यदि आवष्यक समझे तो ऐसी स्कीमों की सिफारिष संबंधी अपनी राय केन्द्रीय सरकार को भेज सकता है और उसके केन्द्रीय सरकार का निर्णय अंतिम है।

(5) कार्यकारी बोर्ड के कोई सदस्य जो कि प्राधिकरण या किसी–प्राधिकरण के सहबद्व द्वारा तैयार की गई या प्रस्तावित किसी संविदा जिसे बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना है, में प्रत्यक्षतः अथवा अप्रत्यक्षः रूचि रखता हो, ऐसी परिस्थिति उत्पन होने के पष्चात् षीघ्र अपने हितों (रूचि) की प्रकृति के बारे में बोर्ड की बैठक में प्रकट करेगा तथा ऐसे प्रकटन को बोर्ड–बैठक के कार्यवृत में रिकार्ड किया जाएगा और

उसके पष्चात् वह सदस्य, उक्त संविदा के संबंध में बोर्ड द्वारा किए जाने वाले विचार– विमर्ष या बोर्ड द्वारा लिए जाने वाले निर्णय में भाग नहीं लेगा।

(6) बोर्ड समय–समय पर किसी व्यक्ति को सलाहकार या परामर्षदाता के रूप में, यदि आवष्यक समझा जाए, ऐसे निबंधन और षर्तो पर नियुक्त कर सकता है जो केन्द्रीय सरकार के विघमान नियमों के अनुसार विनियमों द्वारा अधिकथित की गई हो,

(7) प्राधिकरण का एक मुख्य सतर्कता अधिकारी होगा जो सीधे उपाध्यक्ष की रिर्पोट करेगा।

(8) बोर्ड, प्राधिकरण के सचिव को नियुक्त करेगा जो प्राधिकरण की सभी विधिक अनुपालनों के लिए उत्तरदायी होगा और सामान्य मोहर का अभिरक्षक होगा। सचिव प्राधिकरण के दिन प्रतिदिन के मामलों की उपाध्यक्ष को सीधा रिर्पोट करेगा।

9. प्राधिकरण की समितियांः– बोर्ड ऐसी समितियां नियुक्त कर सकेगा है जो अधिनियम के अंतगर्त इसकी कर्तव्यों के कुषल निर्वहन और कृत्यों के निर्वाहन के लिए आवष्यक हो।

10. बोर्ड में रिक्त से कार्यवाहियों का अविधिमान्य न होनाः– बोर्ड का कोई कार्य या कार्यवाही केवल इस कारण विधि मान्य नही समझी जाएगी कि बोर्ड में कोई रिक्त या उसके गठन में कोई त्रुटि है या प्राक्रिया में कोई अनियमितता है।

अध्याय–5
उपाध्यक्ष के कर्तव्य

11. उपाध्यक्ष के कर्तव्यः– (1) उपाध्यक्ष, जो प्राधिकरण का मुख्य कार्यकारी अधिकारी होगा, प्राधिकरण पर साधारण पर्यवेक्षण और नियंत्रण रखेगा तथा बोर्ड के विनिष्चयों को कार्यान्वित करेगा।

(2) उपाध्यक्ष, अधिनियम के अधनी बनाए गए विनियमों के अनुसार, उन षक्तियों का प्रयोग करेगा जो बोर्ड द्वारा उन्हें प्रत्यायोजित की जाए।

अध्याय–6

संरचना और वेतन

12. स्‍रचना और वेतनः– (1) केन्द्रीय सरकार द्वारा दिए गए वेतन और भत्तो के बजट संबंधी उपबंधों के अधीन रहते हुए, उपाबंध–I पर प्रारंभिक तालिका के अनुसार स्तर–1 से स्तर– XI के अंतर्गत क्रमषः उनके वेतन ग्रेडों में निम्नलिखित कर्मचारियों की संख्या होगीः–

स्तर	ग्रुप	पदनाम	प्रारम्भिक संख्या	वेतन ग्रेड (रू.) (सी डी ए वेतनमान)
I	क–1	अध्यक्ष	1	कोई नहीं, पदेन होगा
II		उपाध्यक्ष	1	24050–650–26000
III		सदस्य	4	18400–500–22400
IV	क–2	महाप्रबंधक	3	18400–500–22400
V(क)		उपमहाप्रबंधक	6	14300–400–18300
V(ख)		मुख्य सतर्कता अधिकारी	1	14300–400–18300
VI(क)		वरिष्ठ प्रबंधक	2	12000–375–16500
VI(ख)		प्राधिकरण के सचिव	1	12000–375–16500
VII(क)		प्रबंधक	4	10000–325–15200
VII(ख)		प्रधान निजी सचिव	5	10000–325–15200
VIII(ग)		सहायक विधिक सलाहकार	1	10000–325–15200
VIII(ख)		सहायक प्रबंधक	3	8000–275–13500
VIII(ख)	क 3	लेखा अधिकारी	1	8000–275–13500
IX	ख	वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी	1	7500–250–12000
सहायक कर्मचारी				
X(क)		कार्यालय सहायक	4	6500–200–10500
X(ख)	ग	लेखा सहायक	2	6500–200–10500
X(ग)		निजी सहायक	3	6500–200–10500
X(घ)		नक्षानवीस	2	5500–175–9000
X(ड)		निजी सहायक	8	5500–175–9000
X(च)		उच्च श्रेणी लिपिक	3	4000–100–6000
X(छ)		निम्न श्रेणी लिपिक सह टंकक	6	3050–75–39500–80–4500
XI(क)	घ	चपरासी/संदेषवाहक	10	2550–60–3200–65–4000
XI(ख)		टेलीफोन अटेंडेन्ट सह डाक खलासी (टीएडी के)	8	2550–60–3200–65–4000

3. उप–नियम (1) में दर्षाए गए प्राधिकरण में स्तर IV से XI तक विभिन्न पदों पर कर्मचारियों को लगाने हेतु भारतीय रेलवे से एलीमेंट स्थानातंरित किये जाएंगे। पहले प्राधिकरण के लिए स्तर–II और स्तर–III पदो को क्रमषः उच्चतर प्रषासनिक ग्रेड और वरिष्ठ प्रषासनिक ग्रेड में प्रचालित होगा तदनुसार अपेक्षित एलीमेंट को भारतीय रेल से स्थानातंरित किया जाएगा। बाद में, प्राधिकरण स्तर IV से उच्च पदो की आवष्यकता की गणना करेगा और केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन के लिए प्रस्ताव करेगा।

4. प्राधिकरण अपनी भविष्य की कारबार योजनाओं के आधार पर अतिरिक्त जनषक्ति के लिए समय–समय पर प्रस्तावों को केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत करेगा और केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 4 (छ) की उप–धारा (1) की षर्तो के अनुसार उस पर विनिष्चय करेगा।

5. अधिनियम के उपबंधों के अधीन रहते हुए प्राधिकरण अपने कृत्यों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए ऐसे अन्य अधिकारी और कर्मचारी को नियुक्त कर सकेगा और नियुक्ति की पद्वदि नियत कर सकेगा। प्राधिकरण के ऐसे अन्य अधिकारीयों और कर्मचारियों का वेतनमान और भते तथा सेवा की अन्य षर्ते वे होंगी, जो विनियमों में प्राधिकरण द्वारा उपबंधित की गई है।

6. प्राधिकरण स्तर IV से XI तक के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के चयन और नियुक्ति का विनिष्चय करेगा।

6. प्राधिकरण अधिनियम के अधीन, अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए अपेक्षित न्यूनतम अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ अपने कृत्य करेगा। प्राधिकरण स्तर IV से स्तर XI तक के कर्मचारियों के स्तरों के साथ–साथ अपने कारबार और कुषलता के सिद्वांतों की षर्तो के अनुसार प्रत्येक स्तर की कर्मचारी संख्या की आवधिक रूप से समीक्षा करेगा, परन्तु उपयुक्त उप–नियम (1) में केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी के बिना, अधिकारियों और कर्मचारियों की कुल संख्या यथावर्णित से अधिक नहीं होगी।

7. प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों की वरिष्ठता और प्रोन्नति का अवधारण विनियमों के उपबंधों के अनुसार होगा।

अध्याय–7

वित और बजट

13. वित, लेखा और लेखा परीक्षा– (1) प्राधिकरण का गठन करने वाले अधिनियम की धारा 4 का के अधीन अधिसूचना के प्रकाषन की तारीख से ही सम्पतियों के संबंध में जिनका प्राधिकरण को विकास करने के लिए कहा गया हैः–

(क) अधिनियम की धारा 4घ के अधीन प्राधिकरण के किन्हीं कृत्यों के प्रयोजन के संबंध में या ऐसी तारीख के तत्काल पहले केन्द्रीय सरकार के लिए उपगत किए गए सभी त्रण, बाध्यताएं और उपगत दायित्व, की गई सभी संविदाए और सभी मांमले और किए जाने वाले

(ख) प्राधिकरण के संबंध में केन्द्रीय सरकार का देय कुल धन ऐसी देय तारीख से तत्काल पहले प्राधिकरण को देय समझा जाएगा।

(ग) प्राधिकरण के संबंध में किसी मामले पर ऐसी तारीख से तत्काल पहले केन्द्रीय सरकार द्वारा या के विरूद्व प्रारंभ अथवा प्रारंभ हो सकने वाली सभी विधिक कार्यवाहियों को प्राधिकरण द्वारा अथवा उसके विरूद्व जारी रखा जाएगा या संस्थित किया जाएगा।

(2) केन्द्रीय सरकार की जिन सम्पतियों, अधिकारों यह दायित्वों को प्राधिकरण को हस्तांतरित किया जाएगा, के संबंध मे यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो इस प्रकार के विवाद का विनिष्चय केन्द्रीय सरकार द्वारा किया जाएगा ।

14. केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुदान और ऋण– (1) केन्द्रीय सरकार इस निमित संसद द्वारा विधि द्वारा बनाए गए सम्यक विनियोग के पष्चात् ऐसी धनराषी देगी, जो प्राधिकरण को उसके कृत्यों का निर्वहन के लिए अपेक्षित है। परन्तु प्राधिकरण की स्थापना के तुरन्त बाद, केन्द्रीय सरकार निम्नलिखित राषी प्राधिकरण की प्रांरम्भिक स्थापना और कृत्यों के उपलब्ध करायेगीः

(क)परिचालन व्यय जिसके अतंर्गत आकस्मिक व्यय भी है, के लिए पंद्रह करोड़ रू0 की प्रारम्भिक आंरभ पूंजी**;**

(ख) **प्रारम्भिक प्रषासनिक और स्थापना व्ययों का पूरा करने के लिए पचहत्तर लाख रू0 की रकम।**

(2) उसके पष्चात्, केन्द्रीय सरकार के वर्तमान व्यवहार के अनुसार, बजट अनुमोदन के आधार पर पारिचालन व्ययों के साथ–साथ, प्रषासनिक और स्थापना, दोनो व्ययों के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा निधियां उपलब्ध कराई जाएगी। अतिरिक्त निवेष प्राधिकरण द्वारा जुटाई गई निधियों या प्राधिकरण को वार्षिक बजट प्रक्रिया के द्वारा अनुज्ञात, सीमांत (अर्जन का प्रतिषत) में से किया जाएगा।

15. निधिः– एक निधि का गठन किया जाएगा जिसे रेल भूमि विकास प्राधिकरण निधि कहा जाएगा और जिसमें निम्नलिखित को जमा किया जाएगा, जैसेः–

(क) केंन्द्रीय सरकार द्वारा प्राधिकरण को दी गई सभी धनराषि जिसके अंतर्गत आरंभिक पूंजी और स्थापना और प्रषासनिक व्ययों पर वार्षिक आवती व्ययों, और इन नियमों के नियम 14 के अनुसार परिचालन व्यय भी है**;**

(ख) प्राधिकरण द्वारा प्राप्त सभी फीसें और प्रभार;

(ग) प्राधिकरण द्वारा अपने स्वयं की कंसलटेंसी, निर्माण, प्रबन्धन या अधिनियम की धारा 4 घ की उप धारा (2) के खंड(iii)के अधीन भूमि और सम्पत्ति के संचालन से प्राप्त सभी धनराषियां

(घ) प्राधिकरण द्वारा लिया गया कोई ऋण अथवा दिया गया उधार;

(ड.) इन नियमों के नियम 14 और 19 के अनुसार वार्षिक बजट प्रकिया द्वारा प्राधिकरण को अनुज्ञात कोई सीमान्त;

(च) प्राधिकरण द्वारा प्राप्त कोई अन्य धनराषि।

16. निहित निधि का निधान और उपभोजनः– (1) अधिनियम के अधीन अपने–अपने व्ययों और कृत्यों के दक्षतापूर्व निर्वहन से संबधित व्ययों को करने के लिए निधि प्राधिकरण के पास रहेगी और उसके द्वारा रखी जाएगी और उपभोजन की जाएगी।

(2) प्राधिकरण निधि के संबंध में प्राप्ति और व्यय के वर्गीकरण सहित आंतरिक लेखा और बजट का उपयुक्त कियाविधि बनाएगा।

(3) प्राधिकरण एक पृथक लेखा रखेगा, जिसमें सभी उपार्जन, जिसके अंतगर्त रायल्टी, रियायत फीस, अनुज्ञप्ति फीस और प्राधिकरणों की परियोजनाओं से प्राप्त लाभ भी हैं को जमा किया जाएगा और इसके पष्चात् के विनियमों में अधिकथित प्रकिया के अनुसार उन्हें केन्द्रीय सरकार को पूर्ण रूप से दे दिया जाएगा।

17. प्राधिकरण की उधार लेने की षक्तियांः– (1) प्राधिकरण केन्द्रीय सरकार की सहमति से या केन्द्रीय सरकार द्वारा उसे दिए गए किसी सामान्य या विषेष प्राधिकार की षर्तो के अनुसार में, अधिनियम के अधीन इसके सभी या किसी कृत्यों के निर्वहन के लिए किसी भी स्रोत से किसी लिखत द्वारा, जैसा वह उचित समझे, राषि उधार ले सकेगा।

(2) केन्द्रीय सरकार, प्राधिकरण के उधार कार्यकम के लिए कोई गांरटी उपलब्ध नहीं कराएगी या सुविधा पत्र प्रदान नहीं करेगी और प्राधिकरण अपनी परियोजना की व्यवहार्यता के सामर्थ्य पर निधि जुटाएगा और किसी भी प्रभुत्व गांरटी द्वारा बाजार को गुमराह नहीं किया जाएगा।

18. विनिधान : प्राधिकरण अपनी निधियों का विनिधान केन्द्रीय सरकार की प्रतिभूतियों (जिसके अंतर्गत कोई आरक्षित निधि भी है) में या इस प्राकर के किसी अन्य तरीकों कसे कर सकता है, जो सार्वजनिक क्षेत्र के उपकमों द्वारा विनिधान के लिए वित मंत्रालय के विघमान दिषा–निर्देषों के अनुसार उचित समझे जाएं और इसमें विषेषतः सभी सट्टा निवेषों, विषेष रूप से, स्थावर संपदा सम्मिलित नहीं होंगी।

19. बजट :– (1) प्राधिकरण अगले वित वर्ष के लिए प्राधिकरण की अनुमानित आगम और व्यय को दर्षाते हुए एक बजट प्रत्येक वित वर्ष में विहित रूप में ऐसे समय और तरीके ऐसे प्ररूप में तैयार करेगा और बोर्ड द्वारा इस पर अनुमोदन प्राप्त होने के पष्चात् उसे केन्द्रीय सरकार को अग्रेषित करेगा।

(2) प्राधिकरण अगले वित वर्ष के लिए अपने बजट को अंतिम रूप देने के समर्थ बनाने को, इसके लिए केन्द्रीय सरकार प्राधिकरण को अधिनियम की धारा 4 घ के अधीन रेल भूमि के उपयोग और उसे सौंपी गई रेल भूमि के विकास के लिए प्राधिकरण द्वारा तैयार
अधिमानतः पूर्व वित वर्ष की प्रथम छमाही के दौरान सूचित करेगी। प्राधिकरण का बजट यघपि, केंन्द्रीय सरकार द्वारा वित पोषण के किसी पूर्वानुमान के साथ तैयार नहीं किया जाएगा।

(3) अगले वित वर्ष के लिए अधिनियम की धारा 4घ की उपधारा (2) के खंड (iii) के अधीन प्राधिकरण चालू वित वर्ष में अविा उसके लागभग मध्य में अपनी स्वयं की परामर्षी, विनिर्माण, प्रबंध सेवाओं और भूमि तथा सम्पत्ति के परिचालन की एक सूची तैयार करेगी।

(4) प्राधिकरण, जहां कहीं आवष्यक हो, उस वित वर्ष के संबध में, जिससे यह संबंधित है, केन्द्रीय सरकार को एक पूरक बजट ऐसी तारीखों से पहले भेजेगा, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा निविर्दिष्ट की गई हैं।

20. लेखा और लेख परीक्षा :– (1) प्राधिकरण उचित लेखा–जोखा और अन्य संबंधित अभिलेखों का रख–रखाव करेगा और लेखे का एक वार्षिक विवरण इस प्रकार तैयार करेगा जैसाकि भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के साथ विचार–विमर्ष कर केन्द्रीय सरकार द्वारा कथानिर्धारित है।

(2) भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक द्वारा प्राधिकरण के लेखों की लेखा परीक्षा उसके द्वारा यथाविदित अंरतरालों पर की जाएगी और इस प्रकार की लेखा परीक्षा से संबंधित कोई भी व्यय याथपेक्षितानुसार प्राधिकरण द्वारा नियंत्रक और महालेखा परीक्षक को संदय किया जाएगा।

(3) प्राधिकरण द्वारा आंतरिक लेखा परीक्षा हेतु उचित उपर्युक्त क्रियाविधि तैयार की जाएगी।

21. वार्षिक रिपोर्टः– प्राधिकरण पिछले वित वर्ष के दौरान उकी गतिविधियों का पूरा लेखा–जोखा देते हुए प्रत्येक वित वर्ष के लिए ऐसे प्ररूप में और ऐसे समय पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगी।

22. बोर्ड द्वारा अनुमोदन : लेखा परीखा रिपोर्ट के साथ– साथ नियंत्रक महालेखा परीक्षक द्वारा यथा सत्यापित वार्षिक रिपोर्ट और लेखों को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किए जाने के बाद इसे प्रतिवर्ष केन्द्रीय सरकार को अग्रेषित किया जाएगा और केन्द्रीय सरकार इसे संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखेगी।

अध्याय 8

विविध

23. विनियम बनाना :– प्राधिकरण, इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने के लिए, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, इस अधिनियम और इसके अधीन बनाए नए नियमों से संगत नियम बना सकेगा।

24. संयुक्त उघम का गठनः– प्राधिकरण केंन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से इस अधिनियम के अंतर्गत किसी भी विषेष प्रयोजन परियोजना, संयुक्त उघम या अन्य विधिक अन्य अस्तित्व का उनके सभी या किसी कृत्यों के निष्पादन के लिए गठन कर सकेगा।

25. आदेषों का अधिप्रमाणन तथा प्राधिकरण की षक्तियों का प्रत्यायोजन आदि– (1) प्राधिकरण के सभी आदेष, विनिष्चय और अन्य लिखितों को अधिप्रमाणन उपाध्यक्ष या किसी अन्य सदस्य या इस निमित उसके द्वारा प्राधिकृत प्राधिकरण के किसी अधिकारी के हस्ताक्षर से किया जाएगा।

(2) **प्राधिकरण लिखित में साधारण या विषेष** आदेष द्वारा ऐसी षर्तो और सीमाओं के अधीन, यदि कोई हों, जो आदेष में विनिर्दिष्ट हों सहित प्राधिकरण के किसी सदस्य या किसी अधिकारी को इस अधिनियम के अंतर्गत अपनी षक्तियां (धारा 4झ की उपधारा (1) के अंतर्गत विनियम बनाने की षक्तियों को छोड़कर जैसा कि वह आवष्यक समझे) प्रत्यायोजित कर सकेगा।

26. प्रतिनियुक्ति पर गए अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए विश्राम–गृह और अवकाष गृह :– प्राधिकरण के सभी सदस्य, अधिकारी और कर्मचारी जो रेलवे से प्रतिनियुक्ति पर हैं, को रेलवे विश्राम–गृहों और अवकाष–गृहों में रहने के लिए रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों के समान ही माना जाएग, जिसके लिए वे अपने वेतन के ग्रेड के अनुसार पात्र होंगे। उनकी कर्तव्यारूढ़ विश्राम–गृह की मांग की सेवारत अन्य कर्तव्यारूढ़ रेलवे अधिकारियों/कर्मचारियों के समान माना जाएगा। विश्राम–गृहों और अवकाष गृहों के लिए देय प्रभार कर्तव्यारूढ़ या छुट्टी पर रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों, यथास्थिति अन्य के समान लागू होंगे।

27. प्राधिकरण द्वारा किए जाने वाले कार्य जिसके अंतर्गत विकास योजनाएं भी हैंः– (1) केंन्द्रीय सरकार के किसी निदेषों के अधीन, प्राधिकरण विकास योजनाएं तैयार करेगा और अंतराष्ट्रीय भवन संहिता या राष्‍ ट्रीय भवन संहिता के अनुसार लेकिन प्राधिकरण, निकाय या तंत्र के किसी अधिकारी के हस्तक्षेप या प्रतिरोध के बिना रेलवे भूमि के विकास के लिए सभी कार्य करेगा।

(2) **प्राधिकरण कारबार** के सिद्वांतों पर आधारित बाजार मांग पर आधारित, रेल भूमि नीचे या ऊपर जिसके अंतर्गत विघमान रेल संरचनाएं या अन्य भूमि के ऊपर आकाषीय क्षेत्र भी हैं, पर सभी प्रकार का वाणिज्यिक विकास कर सकता है।

(3) **प्राधिकरण, केंन्द्रीय** सरकार द्वारा उसे सहवर्ती निधि के साथ आबंटित किसी परियोजना या कार्य निष्पादित कर सकेगा।

(4) बोर्ड द्वारा नियुक्त कोई समिति रेल भूमि के वाणिज्यिक विकास के लिए सभी योजनाओ की समग्र रूप से संवीक्षा करेगी, जिसके अंतर्गत संरक्षा पहलुओं, परिवेष के साथ सौंदर्यीकरण और उपयोगकर्ता सुविधाएं भी हैं।

(5) केंन्द्रीय सरकार, प्राधिकरण द्वारा रेलवे भूमि के उपयोग के लिए प्रस्तुत माध्यम से अनुमोदन हेतु विचार करेगी। तथापि, जो प्राधिकरण की व्यावसायिक अपेक्षाओं के अनुरूप किन्तु किसी समय–सीमा में रेलवे बोर्ड के उपयुक्त निदेषालयों द्वारा समुचित संवीक्षा के अधीन, अनमोदन के लिए विचार करेगी.

(6) प्राधिकरण, इस अधिनियम की धारा 4घ के उपनियम (2) के खंड (iii) के उपबंधों के अधीन सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकरण या किसी अन्य संगठन के लिए प्राधिकरण और सरकार या स्थानीय प्राधिकरण या संबंधित संगठन के मध्य तय पायी गई ऐसे निबंधनो और षर्तो पर कोई या सेवाएं या किसी भी वर्ग का कार्य या सेवाएं कार्यान्वित कर सकेगा।

(7) इस निमित बनाए गए किसी विनियम के अधीन, इस निमित प्राधिकरण द्वारा प्राधिकृत साधारणः या विषेषतः कोई व्यक्ति जब कभी आवष्यक हो सभी युक्ति युक्त समय पर जब ऐसा करना आवष्यक हो, निम्नलिखित गतिविधियों को कार्यान्वित करने के लिए किसी भी भूमि या किसी परिसर में प्रवेष कर सकेगा, अर्थात्:–

(क) किसी निरीक्षण, सर्वेक्षण, माप, मूल्यांकन या जांच के लिए,
(ख) तलमापी के लिए,
(ग) अवमृदा में खुदाई या बोर के लिए,
(घ) चारदीवारी बना सकेगा और कार्यो की आषयित लाइनों के लिए,
(ड.) निषान लगाकर और खाई खोदकर सतह, चारदीवारी और लाइनें चिह्नित करने के लिए, या
(च) अन्य विहित कार्य या व्यवहार के लिए:

परंन्तु कोई व्यक्ति आवासीय परिसर की चारदीवारी या निकटस्थ प्रांगण या बगीचे में अधिभोगी की सहमति के बिना और ऐसा करने के लिए अपने आषय को लिखित रूप में अधिभोगी को कम से कम चौबीस घंटों का पूर्व–नोटिस दिए बिना प्रवेष नहीं करेगा।

28. प्राधिकरण की कल्याण निधिः– प्राधिकरणण केंन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से, आने सभी स्तरों के अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन से प्रगामी अनिवार्य कटौती करके कर्मचारियों के हित के लिए कल्याण निधि का गठन कर सकेगा।

29. प्राधिकरण के अन्य निबंधन और षर्तेः— (1) केंन्द्रीय सरकार, इस अधिनियम के अन्य उपबंन्धों पर प्रति कूल प्रभाव डाले बिना, समय—समय पर नीति के प्रष्नों पर, प्राधिकरण को इस अधिनियम के अधीन अपने कृत्यों के निष्पादन पर लिखित में ऐसे निदेष दे सकेगी, जो बाध्यकर होंगे।

(2) प्राधिकरण के रिक्त पद जानी रहेंगे और रिक्तता के आधार पर व्यपगत नहीं होंगे जब तक कि उन्हें विनिर्दिष्ट रूप से अभ्यर्पित न कर दिया जाए।

(3) प्राधिकरण, केंन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से, उसके द्वारा तैयार की गई तथा अंतिम रूप दी गई वार्षिक जन—षक्ति योजना के निंबधनों में पदों सृजन कर सकेगा।

(4) यदि प्राधिकरण के कारवार के व्यवहार के संबंध में कोई प्रष्न उठता है, तो उसका विनिष्चय प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा, सिवाय उनके, जहां इस अधिनियम के अंतर्गत बनाए गए संबद्व नियमों और विनियमों का निर्वचन करना हो, वहां विनिष्चा केंन्द्रीय सरकार द्वारा

रेल भूमि विकास प्राधिकरण

अध्यक्ष
पेदेन (सदस्य इंजी. ⁄ रेलवे बोर्ड)

प्रबंधक (सतर्कता)		मु0 सतर्कता अधि0 (उपमहाप्रबंधक ग्रेड)		उपाध्यक्ष (चयन बोर्ड द्वारा चुने जाएंगे)	प्राधिकरण का सचिव			
सदस्य योजना अवसंरचना और विकास		सदस्य योजना, रेल यातायात समन्वय			सदस्य वित		सदस्य, संपदा और षहारी योजना (स्वतंत्र सदस्य)	
	महाप्रबंधक (अवसंरचना विकास)			महाप्रबंधक (सूचना प्रौघोगिकी और प्रषिक्षण)	महाप्रबंधक (कार्मिक और वित)			
उप महाप्रबंधक (योजना और परियोजना मूल्यांकन)		उप महाप्रबंधक(अवसंरचना विकास)		उप महाप्रबंधक(प्रषा 0 और प्रषि0	उप महाप्रबंधक (कार्मिक)		उप महाप्रबंधक (वित मूल्यांकन)	उप महाप्रबंधक (विधि)
			गोपनीय सहायक					
	प्रबंधक (योजना)		वरि.प्रबंधक(प्रषा. और प्रषि.)	वरि.प्रबंधक(प्रषि. एंव नयाचार)		प्रबंधक (वित)	प्रबंधक (वित)	
			गोपनीय रिर्पोट,लेखन सामग्री, पुस्तकालय और सूचना प्रौधो.सेवाएं	प्रषिक्षण.एंव नयाचार सेवाएं		बजट, लेखा परीक्षा, व्यय, वेतन, निधि षेष और इसका	वितीय मूल्यांकन	

						परिचालन		
			1. वरि. कार्य. अधिकारी			1. लेखा अधिकारी		
सहा. प्रबंधक(परियोजना–1)		सहा. प्रबंधक(परियोजना–2)	1कार्या. सहायक 1 अ.श्रे.लिपिक सह टंकक	1अ.श्रे.लिपिक सह टंकक 1 टीआई	सहायक प्रबंधक(कार्मिक)	2 लेखा सहायक	1 उ.श्रे. लिपिक	सहायक विधि सलाहकार
1 कार्यालय सहायक	1ड्राफ्टसमैन	1 उ.श्रे. लिपिक			1 अ.श्रे.लिपिक सह टंकक 1 उ.श्रे.लिपिक			1 अ.श्रे. लिपिक क एवं टंकक
ड्रॉइंग,डिजाइन,वास्तुकला योजना,भूमि अभिलेख, परामर्ष पंचाट, लागत निर्धारण,विभिन्न स्टेषनों, स्थानों आदि पर यातायात अध्ययन, आदि					भर्ती,नीति,वेतन बिल,दौरा बिल, रेलवे पास			विधिक फार्मो की सेवाएं लेने सहित सभी विधिक मामले

(फा. सं. 2000/एलएमएल/2/46/वॉल्यूम–III)
अशोक गुप्ता, कार्यकारी निदेषक (भूमि और सुविधाएं) (रेलवे बोर्ड)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जनवरी, 2007

सा.का.नि. 5 (अ).– केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) की धारा 198 के साथ पठित धारा 4ग द्वारा प्रदत षक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:–

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभः–

1. इन नियमों का संक्षिप्त नाम उपाध्यक्ष (चयन और नियुक्ति) नियम, 2007 है।
2. ये राजपत्र में प्रकाषन की तारीख को प्रवृत होंगे।

2. परिभाषाएं: इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो–

(क) ''अधिनियम'' से भारतीय रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) अभिप्रेत है;
(ख) ''प्राधिकरण'' से अधिनियम के खंड 4ए के अधीन गठित रेल भूमि विकास प्राधिकरण अभिप्रेत है;
(ग) ''केंन्द्रीय सरकार'' से रेल मंत्र्ाालय अभिप्रेत है;
(घ) ''उच्चतर प्रषासनिक ग्रेड'' से भारत सरकार का वेतन ग्रेड 22400–24500 रू0 प्रतिमाह अभिप्रेत है;
(ड.) ''रेलवे बोर्ड'' से भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम, 1905 के अंतर्गत गठित रेलवे बोर्ड अभिप्रेत है;
(च) ''सचिव'' से सचिव, रेलवे बोर्ड अभिप्रेत है;
(छ) ''उपाध्यक्ष'' से अधिनियम की धारा 4ए के अंतगर्त प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिप्रेत है।

(ज) "इसमें प्रयुक्त किए गए सभी अन्य षब्द और पद परिभाषित नहीं हैं किंतु अधिनियम में परिभाषित हैं अनके वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम में है।

(3) **उपाध्यक्ष की नियुक्ति के लिए अर्हताएंः** किसी व्यक्ति को उपाध्यक्ष के रूप में तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक ि कवह निम्नलिखित मानदंड पूरा नहीं करता हो, अर्थात्ः

(क) टैक्नोक्रैट हो जिसे भूमि प्रबंधन, भवन निर्माण और स्थावर संपदा जिसके अंतर्गत वित पोषण भी है, का व्यापक अनुभव हो; और
(ख) जो भारतीय रेल सेवा का इंजीनियर, भारतीय रेल लेखा सेवा और भारतीय रेल यातायात सेवा के अधिकारी हों तथा जिन्हें उपर्युक्त उपनियम (क) के अनुसार प्राप्त हो;और

(ग) जो अपने मूल काडर में उच्चतर प्रषासनिक ग्रेड या उससे ऊपर हो और चयन समिति की बैठक से ठीक पहले पिछले पांच वर्ष की उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्टो के मूल्यांकन में न्यून्तम 22 अंक हों।

(4) चयन प्रकिया (1) उपाध्यक्ष का चयन किसी चयन समिति द्वारा होगा जिसमें

(क) अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष;
(ख) सदस्य (इंजीनियरी), रेलवे बोर्ड और रेल भूमि विकास प्राधिकरण के पदेन अध्यक्ष, सदस्य और;
(ग) सदस्य कार्मिक, रेलवे बोर्ड, सदस्य।

(2) चयन समिति अपने समक्ष उपस्थित होने से पहले अंकों के साथ मैरिट तथा उपयुक्तता के मूल्यांकन संबंधी मानदंड तैयार करेगी तदनुसार प्रत्येक पात्र अभ्यर्थी का समिति द्वारा साक्षात्कार के अनुरूप मूल्यांकन करेगी।

(3) चयन समिति के किसी सदस्य को यह जानकारी होन के तथ्काल पष्चात् कि उसका किसी अभ्यर्थी से संबंध है, तो वह इसकी घोषणा करेगा और उस विषेष अभ्यर्थी के संबंध में स्वयं को चयन समिति से अलग कर लेगा।

(4) कोई अभ्यार्थी, उस पद के लिए निरर्हित हो जाएगा, जिसके लिए उसने आवेदन किया है या नियुक्त किया गया है, यदि वहः—
(क) दिवालियि न्याय निर्णात किया जाता है; या
(ख) उसे किसी ऐसे अपराध के लिए सिद्व दोष ठहराया जाता है जिसमें केंन्द्रीय सरकार की राय में, नैतिक अधमता अंतर्वलित है; या
(ग) षारीरिक या मानसिक रूप से असमर्थ हो गया है; या
(घ) जिसने ऐसा वितीय या अन्य हित अर्जित किया है जिसमें किसी पद पर उसके कृत्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना है; या
(ड.) केंन्द्रीय सरकार के विघमान आचरण नियमों के अनुसार आचरण का दोषी है जिससे उसे किसी पद को धारण करने के लिए अनुपयुक्त बना दिया है।

(5) सचिव, रेलवे बोर्ड चयन समिति के सचिव के रूप में कार्य करेंगे और उपाध्यक्ष के पद के चयन और नियुक्ति के लिए अपेक्षित सभी प्रषासनिक कदम के लिए उत्तरदायी होंगी।

(6) रेलवे बोर्ड, प्रथम प्राधिकारी की नियुक्ति, जहां संविधान नियमों के अध्याय 2 के उपबंधों के अनुसार, नाम निर्देषन के जरिए की जाएगी, के मामले के सिवाय, व्यापक प्रचार द्वारा **उपाध्यक्ष के पद के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करेगा।**

(7) चयन समिति, उपाध्यक्ष के पद के लिए अभ्यर्थी का चयन करने के पष्चात्, उस पद के लिए अगले दो अभ्यार्थियों का योग्यता कम में एक प्रतीक्षा पैनल तैयार करेगी और यह प्रतीक्षा पैनल चयन समिति द्वारा उस पैनल पर हस्ताक्षर करने की तारीख से छह मास की अवधि तक विधिमान्य होगा।

(8) चयन समिति की कार्यवाहियों के कार्यवृत, प्रत्येक पद के लिए योग्यता सूची और अंतिम चयन सूची समिति के सभी व्यक्तियों द्वारा तारीख सहित हस्ताक्षर किए जाएंगे और

5. चयन संबंधी प्रकिया की अविधिमान्यताः— जब तक चयन की योग्यता प्रभावी न हो, चयन प्रकिया की किसी भी त्रुटि से चयन अविधिमान्य नहीं होगा।

6. **नियुक्ति— (1)** सचिव, रेलवे बोर्ड चयन समिति से रिकॉर्ड प्राप्त करने के तत्काल बाद उपाध्यक्ष के पद के एिल चुने गए अभ्यर्थी के नाम का सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त करने के लिए उपाय प्रारंभ करेंगे।

(2) सक्षम प्राधिकारी से उपाध्यक्ष के पद के लिए नाम का अनुमोदन प्रापत करने के पष्चात् केंन्द्रीय सरकार, कार्यभार संभालने की तारीख जो उपनियम (6) के अध्यधीन नियुक्ति पत्र प्राप्त होने की तारीख से 30 दिन से अधिक नहीं होगी, के बारे में सूचित करते हुए, चुने अभ्यर्थी को तत्काल नियुक्ति पत्र जानी करेगी।

(3) केंन्द्रीय सरकार द्वारा चुने गए अभ्यर्थी की नियुक्ति विनिर्दिष्ट षर्तो और निबंधनों के अनुसार होगी।

(4) प्राधिकरण के किसी रिक्त पद को, जिसे उसके कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए तत्काल भरा जाना अपेक्षित है, को रेलवे बोर्ड द्वारा छह मास की प्रारंभिक अवधि के लिए तदर्थ आधार पर या उस पद पर नियमित रूप से चुना गया पदधारी पद ग्रहण तक इसमें से, जो भी पहले हो, तक भरा जा सकेगा, तथा इस प्रकार तदर्थ नियुक्त पदधारी का उस पद पर कोई दावा नहीं होगा और नियमित रूप से चुने गए उम्मीदवार के कार्यभार ग्रहण करने के दिन से ही पद स्वतः ही रिक्त माना जाएगा।

(5) चुने गए उम्मीदवार द्वारा 30 दिन या उपनियम—(6) के अधीन यथा अनुज्ञात विस्तारित अवधि के भीतर कार्यभार न संभालने की दषा में सचिव, रेलवे बोर्ड पैनल में प्रतीक्षारत अगले व्यक्ति की नियुक्ति के लिए कार्यवाही प्रारंभ करेगा।

(6) रेलवे बोर्ड, चुने गए अभ्यर्थी से लिखित अनुरोध प्राप्त होने पर कारणों को लेखबद्व करते हुए कार्यभार संभालने की अवधि बढ़ा सकता है जो तीन माह की अवधि से अधिक नहीं होगी और यह विस्तार एक बार ही होगा।

(फा. सं. 2000/एलएमएल/2/46/वॉल्यूम–III)
अषोक गुप्ता, कार्यकारी निदेषक (भूमि और सुविधाएं) (रेलवे बोर्ड)

2. परिभाषाएं: जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, इन नियमों में–

(क) ''अधिनियम'' से रेल अधिनियम 1989 (1989 का 24) अभिप्रेत है;
(ख) ''प्राधिकरण'' से अधिनियिम के खंड 4ए के अंतर्गत गठित रेल भूमि विकास प्राकिधकरण अभिप्रेत है;
(ग) ''केंन्द्रीय सरकार'' से रेल मंत्रालय अभिप्रेत है;
(घ) ''सदस्य'' से अधिनियम की धारा4(ख) की उपधारा प्राधिकरण के(3) के अधीन योजना,........., अवसंरचना और विकास, योजना रेल यातायात समन्वय और वित के पदों पर सदस्य से अभिप्रेत है;
(ड.) ''रेलवे बोर्ड'' से भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम 1905 में रेलवे बोर्ड अभिप्रेत है;
(च) ''सचिव'' से सचिव, रेलवे बोर्ड अभिप्रेत है;
(छ) ''वरिष्ठ प्रषासनिक ग्रेड'' से 18400–22400 रू. प्रतिमाह का भारत सरकार का वेतन ग्रेड अभिप्रेत है;
(ज) ''इसमें प्रयुक्त किए गए सभी अन्य षब्द और पद परिभाषित नहीं हैं, किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं, उनके वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम में है।

(3) अर्हता :(क) सदस्य, योजना, अवसंरचना और विकास के पद के लिए, अभ्यर्थी को भारतीय रेल इंजीनियरी सेवा के रेलवे में न्यूनतम बाइस वर्ष के कुल सेवा अनुभव के साथ न्यूनतम वरिष्ठ प्रषासनिक ग्रेड का एक इंजीनियर होना चाहिए और चयन समिति की बैठक से पहले पिछले पांच वर्षो की उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्टो का संचयी मूल्यांकन बाइस अंक से कम न हो तथा विनिर्माण और भवन निर्माण के प्रबंधन विषिष्टतया भूमि प्रबंध तथा भारतीय रेल के वाणिज्यिक विकास का अनुभव होने पर वरीयता दी जायगी। संबद्व क्षेत्र में अन्य कोई अतिरिक्त अर्हता होने पर उन्हें वरीयता दी जाएगी।

